2. (2) Government may, at its discretion, give the cash prizes in the form of National Defence Certificates and Defence Deposit Certificates or any other similar Certificates issued by the Government of India.

3. The Awards will be made annually on a date to be fixed by Government.

4. All Indian films certified for public exhibition by the Central Board of Film Censors and all filmstrips certified by the producers as produced in the preceding calendar year will be eligible for entry, which may be made by the producer or any other duly authorised person in the Form contained in the Schedule hereto annexed:

Provided that a film entered as a Children's film shall not be eligible for entry as a Feature film and *vice versa*.

5. Every application for entry, in respect of a feature film, shall be accompanied by an entry fee of Rs. 100/- which shall not be refundable.

Each entrant will submit at his cost to such Regional Officer of the Central Board of Film Censors or to any other authority as may be specified:

(i) a print of the film or the filmstrip as the case may be; and

(ii) a copy of the synopsis, together with an English rendering thereof and a copy of the songs, if any, together with their free translation in English or Hindi.

The entrant of a film selected for viewing by the Central Committee will submit at his cost the specified number of copies of the detailed dialogue script in English or Hindi as well as the publicity material relating thereto in addition to the print and synopsis of the film.

6. The decision of the Government of India whether a film is eligible to be entered for the Awards and whether any film is a feature film, documentary film, educational film or children's film for the purpose of entry for the Awards will be final.

The maximum length of a children's film for the purpose of entry for the Awards shall be 3400 metres in 35 mm or 1360 metres in 16 mm.

7. A film which is a dubbed version, a retake or an adaptation of a film which has already won a State Award, will not be eligible for consideration for the Awards. The producer of a film made in more than one language versions, may enter only one of the versions of that film.

8. Entries for the Awards will be invited by Government during a period to be notified, relaxable in exceptional cases at the discreation of Government.

9. All transport costs on the consignment and return of the films and publicity material will be payable by the entrant.

10. All films will be submitted at owner's risk and while the Government will take every reasonable care of the films submitted, it cannot accept responsibility for loss or damage to the film while in its possession.

11. Three Regional Committees appointed by Government will initially examine feature films entered for the Awards in the languages indicated below:—

(i) Regional Committee at Bombay—Hindi (including Urdu and Hindustani), Marathi, Punjabi, Gujarati, Sindhi and English.

(ii) Regional Committee at Calcutta—Bengali, Assamese and Oriya.

(iii) Regional Committee at Madras—Tamil, Telugu, Kannada and Malayalam.

12. Each Regional Committee will be composed of:—

(a) A Chairman nominated by Government.

(b) Not more than four distinguished persons of culture, art or literature nominated by Government (Care will be taken to ensure that all the languages of the region are represented in the selection of these four persons.

(c) Persons, not exceeding three, qualified to judge technical standard, presentation, direction and treatment values of films, nominated by Government from a panel of names representing the industry.

13. The Regional Committees will recommend, in order of merit:—

(i) a list of 3 feature films in each language and

(ii) a list of 3 story-writers

for consideration by the Central Committee.

14. The documentary films entered for the Awards will be initially examined by a Documentary Committee appointed by Government with a membership not exceeding five including the Chairman. This Committee will recommend in order of merit up to six documentary films for consideration by the Central Committee.

15. The educational films and filmstrips entered for the Awards will be initially examined by an Educational Committee appointed by Government with a membership not exceeding five including the Chairman. The Committee will recommend in order of merit up to six educational films and up to six filmstrips for consideration by the Central Committee.

16. The Central Committee will be composed of:—

(a) A Chairman nominated by Government.

(b) Chairman of the three Regional Committee's Educational Committee and the Documentary Committee. Where a Chairman is not available to sit on the Central Committee Government may nominate a member of the Committee concerned on the Central Committee.

(c) Not more than four distinguished persons of culture, art or literature nominated by Government.

(d) Persons, not exceeding three, qualified to judge technical standard, presentation, direction and treatment values of films, nominated by Government from a panel of names representing the industry.

(e) One member of the Central Board of Film Censors nominated by Government.

17. Notwithstanding anything contained in rules 12 and 16, Government may co opt on the Central or a Regional Committee, such number of additional members as may, in its opinion, be considered necessary to ensure adequate availability of members knowing each language in which films are to be adjudged by such Committee. Further, nothing contained in rules 14, 15 and 20 shall preclude co-option of an additional member or members to assist the Documentary Committee, Educational Committee or the Special Committee constituted for the initial examination of children's films. The members so co-opted shall have all the rights of an ordinary member.

18. Membership of the Central, Documentary, Educational and Regional Committees and the Special Committee, if any, constituted for the examination of children's films, will be honorary but the members may be allowed such travelling and conveyance allowances as may be sanctioned by Government from time to time.

19. The Central Committee will consider the recommendations of the Regional Committees, the Educational Committee and the Documentary Committee and recommend in order of merit:—

(1) Three best feature films for the All-India Awards.

(2) Three best documentary films for the All-India Awards.

(3) Three best educational films for the All-India Awards.

(4) Three best filmstrips for the All-India Awards.

(5) Two best story-writers for All-India Awards.

(6) Three best features films in each language other than English for Regional Awards.

20. (1) The Central Committee will, subject to the provisions of sub-rule (2), also examine the children's films entered for the Awards and recommend the best three films in order of merit.

(2) If the number of entries in the category of children's films so warrants, Government may entrust the initial examination of films to the Documentary Committee or a Special Committee constituted for this purpose consisting of not more than five members including the Chairman, which will recommend in order of merit, not more than six films for consideration by the Central Committee.

21. The Regional Committees, the Documentary Committee, the Educational Committee, the Special Committee for Children's Films (if any) and the Central Committee may determine their own procedure for the examination of films.

22. The quorum of the Central, Documentary, Educational, the Special Committee (if any) for Children's Films, or a Regional Committee, shall be half the total number of members including the co opted members.

23. Nothing contained herein shall be construed as restricting the discretion of a Regional Committee, the Documentary Committee, the Educational Committee, the Special Committee for Children's Films (if any) or the Central Committee from making a recommendation that none of the films in a particular language or category, or that none of the stories of the feature films, examined by a Regional Committee or the Central Committee, is of a standard adequate for an Award.

24. The recommendations of the Central Committee will be submitted to Government.

25. A film will be eligible for an Award only in one of the four categories viz., feature, documentary, educational or children's film. A feature film receiving an All-India Award shall not be eligible for a Regional Award.

26. The Regional Committees, the Documentary Committee, the Educational Committee, the Special Committee for Children's Films (if any) and the Central Committee will examine films at such place and time as may be considered feasible.

27. Government shall be entitled to retain, without payment of cost, the print entered for the Awards of a film or filmstrip, which receives an Award in the form of a medal and/or cash.

28. The function for the presentation of the Awards will be held at such place and on such date as Government may determine.

29. Canvassing in any form in respect of an entry will render that entry liable to disqualification for Awards. Any member of the Central Committee, Documentary Committee, Educational Committee, the Special Committee for Children's Films (if any) or the Regional Committees found canvassing for a particular film is liable to be disqualified for membership of the Committees.

SCHEDULE

Form

For entry for the State Awards for Films

(To be submitted in duplicate)

(*See* rule 4)

To

The Regional Officer,

Central Board of Film Censors,

Bombay/Calcutta/Madras

ENTRY FOR STATE AWARDS FOR FILMS

1. (i) Title of the film/filmstrip.

(ii) Whether Feature/Documentary/Educational/Children's Film.

(iii) Language of the film.

(iv) Length and gauge of the film/filmstrip.

(v) Number of reels

(vi) Colour of the film/filmstrip

(vii) Name and full address of the producer (with telephone number and telegraphic address, if any)

(viii) Name and full address of the Director

(ix) Name and full address of the Story Writer

(x) Name and full address of the leading male artist and leading female artist

(xi) Number and date of Certificate of Exhibition issued by the Central Board of Film Censors

(xii) Date of release.

2. Please state whether the film is a dubbed version, an adaptation or a retake of another film. If so, give particulars of the film of which it is a dubbed version, an adaptation or a retake.

3. Where the person making the entry is not the producer, please state whether he has been duly authorised to make the entry.

*"I certify that the film is not a dubbed version, a retake or an adaptation of a film which has already won a State Award.

*"I certify that the filmstrip was produced during the year.....

"I further certify that the statements made above are true to the best of my knowledge and belief.

"I hereby agree to the Government retaining the print of the film/filmstrip, without payment of cost, in the event of its receiving an Award in the form of a Medal and/or Cash".

Date: Signature:
Place: Address:

*Delete if not applicable.

ORDERED that the Resolution be published in the Gazette of India for general information.

D. KRISHNA AYYAR, Dy. Secy.

PUBLIC NOTICES

New Delhi, the 10th January 1963

State Awards for Films

No. 7/1/63-FI(I).—In pursuance of rule 8 of the Rules concerning State Awards for Films notified in the Resolution of the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting No. 7/4/63-FI dated the 9th January, 1963, entries for the State Awards for Films are hereby invited in respect of Indian films certified for public exhibition during the calendar year 1962 and filmstrips produced during the said year. The entry in respect of a film or filmstrip may be made by its producer or any other person duly authorised by him in this behalf up to February 1, 1963. The entry should be made in duplicate in the form prescribed in the Schedule annexed to the Rules referred to above. The entry forms in the case of feature films shall be accompanied by a Treasury Challan in respect of the entry fee of Rs. 100 (Rupees one hundred only) credited to Government Account under the Head "XXI—Miscellaneous Departments".

2. Entries in respect of the various categories of films should be addressed to the authorities indicated below:—

(a) Regional Officer, Central Board of Film Censors, 91-Walkeshwar Road, Bombay-6.	(i) Feature films in Hindi (including Urdu and Hindustani), Gujarati, Marathi, Punjabi, Sindhi and English. (ii) Documentary films in all languages. (iii) Children's films in all languages. (iv) Educational films in 16 mm in all languages. (v) Filmstrips in 35 mm.
(b) Regional Officer, Central Board of Film Censors, All India Radio Building, Eden Gardens, Calcutta-1.	Feature films in Bengali, Oriya and Assamese.
(c) Regional Officer, Central Board of Film Censors, 53-Usman Road, T'Nagar, Madras-17.	Feature Films in Tamil, Telugu, Kannada and Malayalam.

3. An entrant will be required to submit at his cost to the appropriate Regional Officer of the Central Board of Film Censors or to any other authority as may be specified, a print of the film or filmstrip and such number of copies of the synopsis and songs together with an English rendering thereof as may be specified in this behalf. The entrant of a film selected for viewing by the Central Committee will submit at his cost the specified number of copies of the detailed dialogue script in English or Hindi as well as the publicity material relating thereto in addition to the print and synopsis of the film.

4. The length of a children's film should not exceed 3,400 metres in 35 mm or 1,360 metres in 16 mm for the purpose of entry for the Awards. A film entered as a children's film will not be eligible for entry as a feature film or *vice versa*.

5. The films winning the Awards are likely to be exhibited at a Festival of Films to be organised by Government following the function for the distribution of the Awards.

No. 7/1/63-FI(II).—In pursuance of the Resolution of the Government of India in the Ministry of Health No. F. 1-67/62/62-HII(FP) dated the 3rd September, 1962, entries for the All India Award for the best feature film on Family Planning are hereby invited in respect of Indian feature films certified for public exhibition during the calendar year 1962 and which have either achieved a run of 12 weeks by the date of the entry or been entered for the State Awards for Films in response to the Public Notice of the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting No. 7/1/63-FI(I) dated the 10th January, 1963. The entry in respect of a film may be made by its producer or any other person duly authorised by him in this behalf, free of charge, upto February 1, 1963. The entry should be made in duplicate in the form prescribed in the Schedule annexed to the Rules concerning State Awards for Films notified in the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting Resolution No. 7/4/63-FI, dated the 9th January, 1963 and superscribed in bold letters "Entry for All India Award for best feature film on Family Planning".

2. The entries should be addressed to the authorities indicated below :—

(a) Regional Officer, Central Board of Film censors, 91 Walkeshwar Road, Bombay-6.	Films in Hindi (including Urdu and Hindustani), Gujarati, Marathi, Punjabi, Sindhi and English.
(b) Regional Officer, Central Board of Films Censors, All India Radio Building, Eden Gardens, Calcutta-1.	Films in Bengali, Oriya and Assamese.
(c) Regional Officer, Central Board of Film Censors, 53-Usman Road, T'Nagar, Madras-17.	Films in Tamil, Telugu, Kannada and Malayalam.

3. An entrant will be required to submit at his cost to such Regional Officer of the Central Board of Film Censors or to any other authority as may be specified, a print of the film and such number of copies of the synopsis and songs together with an English rendering thereof as may be specified in this behalf. The entrant of a film selected for viewing by the Central Committee will submit at his cost the specified number of copies of the detailed dialogue script in English or Hindi as well as the publicity material relating thereto in addition to the print and synopsis of the film.

4. The film winning the Award is likely to be exhibited at a Festival of Films to be organised by Government following the function for the distribution of the Awards.

5. Government will be entitled to retain, without payment of cost, the print of the film winning the Award submitted for viewing by the Central Committee.

S. PADMANABHAN, Under Secy.

सूचना और प्रसारण मन्त्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, 11 जनवरी 1963

फिल्मों के लिए राजकीय पुरस्कार

संख्या 7/4/63-एफ०आई०.—भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संकल्प संख्या 21/11/59-एफ० सी० (एफ० आई०), 27 नवम्बर, 1959 का अधिलंघन करते हुए, फिल्मों के लिए राजकीय पुरस्कार सम्बन्धी निम्नलिखित नियम अधिसूचित किए जाते हैं:—

नियम

1. फिल्मों के लिए राजकीय पुरस्कारों का उद्देश्य उच्च कलात्मक और तकनीकी स्तर की तथा शैक्षणिक या सांस्कृतिक महत्व की फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करना है।

2. (1) फिल्मों के लिए निम्नलिखित राजकीय पुरस्कार रखे गए हैं:—

अखिल भारतीय पुरस्कार

(क) **फीचर (रूपक) फिल्में**

(1) सर्वोत्तम फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण-पदक और उसके निर्माता को 20,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 5,000 रुपए का नगद पुरस्कार।

(2) दूसरे नम्बर की फिल्म के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र और उसके निर्माता को 10,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 2,500 रुपए का नगद पुरस्कार।

(3) तीसरे नम्बर की फिल्म के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।

(4) पुरस्कार के लिए आई और पुरस्कार समितियों द्वारा देखी गई फीचर फिल्मों के सर्वोत्तम और दूसरे नम्बर के कहानी-लेखकों को अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।

(ख) **वृत्त चित्र (डाक्यूमेंट्री फिल्में)**

(1) सर्वोत्तम फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण-पदक और उसके निर्माता को 4,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 1,000 रुपए का नगद पुरस्कार।

(2) दूसरे नम्बर की फिल्म के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र और उसके निर्माता को 2,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 500 रुपए का नगद पुरस्कार।

(3) तीसरे नम्बर की फिल्म के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।

(ग) **बाल चित्र या बच्चों की फिल्में**

(1) सर्वोत्तम फिल्म के लिए प्रधान मंत्री का स्वर्ण-पदक और उसके निर्माता को 20,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 5,000 रुपए का नगद पुरस्कार।

(2) दूसरे नम्बर की फिल्म के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र और उसके निर्माता को 10,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 5,000 रुपए का नगद पुरस्कार।

(3) तीसरे नम्बर की फिल्म के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।

(घ) **शैक्षणिक फिल्में (केवल 16 मिलिमीटर)**

(1) सर्वोत्तम फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण-पदक और उसके निर्माता को 4,000 रुपए का तथा उसके निर्देशक को 1,000 रुपए का नगद पुरस्कार।

(2) दूसरे और तीसरे नम्बर की फिल्मों के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।

नोट.—यहां पर "शैक्षणिक फिल्म" का अर्थ केवल 16 मिलिमीटर की शैक्षणिक फिल्म से है और इसमें वैज्ञानिक, शिक्षात्मक और प्रयोगात्मक फिल्में भी शामिल हैं।

(ङ) **फिल्म-स्ट्रिपें (35 मिलिमीटर)**

(1) सर्वोत्तम फिल्म-स्ट्रिप के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक।

(2) दूसरी और तीसरी सर्वोत्तम फिल्म-स्ट्रिपों के लिए अखिल-भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।

प्रादेशिक पुरस्कार

(च) प्रत्येक भारतीय भाषा की सर्वोत्तम फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत-पदक और ऐसी प्रत्येक भाषा की दूसरे और तीसरे नंबर की फीचर फिल्मों के लिए योग्यता प्रमाण-पत्र।

स्पष्टीकरण

यहां पर "निर्माता" तथा "निर्देशक" शब्दों से अभिप्राय क्रमशः उस निर्माता या निर्देशक से होगा जो केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड द्वारा विधिवत् प्रमाणित फिल्म के नामोल्लेख में दिया होगा।

2. सरकार स्वविनर्णयानुसार नगद पुरस्कारों को राष्ट्रीय रक्षा पत्रों और रक्षा जमा-पत्रों या भारत सरकार द्वारा जारी किए गए ऐसे ही अन्य पत्रों के रूप में दे सकेगी।

3. पुरस्कार सरकार द्वारा निश्चित तिथि पर प्रति वर्ष दिए जायेंगे।

4. केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड द्वारा सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाणित वे सभी भारतीय फिल्में और निर्माताओं द्वारा प्रमाणित वे सभी फिल्म-स्ट्रिपें जो पूर्वगामी कैलेंडर वर्ष में बनाई गई होंगी, प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकेंगी और निर्माता या अन्य कोई विधिवत् अधिकृत व्यक्ति संलग्न अनुसूची में दिए गए फार्म में प्रविष्टि भेज सकेगा।

बशर्ते कि जो फिल्म बाल चित्र के रूप में प्रविष्ट होगी वह फीचर फिल्म के रूप में और जो फीचर फिल्म के रूप में प्रविष्ट होगी वह बाल चित्र के रूप में प्रविष्ट नहीं हो सकेगी।

5. फीचर फिल्म की प्रविष्टि के लिए प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ 100 रुपए की फीस भी भेजनी होगी जो वापिस नहीं की जाएगी।

प्रत्येक प्रवेशक निर्धारित किए गए, केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के प्रादेशिक अफसर या किसी अन्य अधिकारी को निम्न चीजें अपने खर्चे पर भेजेगा:—

(1) फिल्म या फिल्म-स्ट्रिप की प्रिंट; और

(2) अंग्रेजी अनुवाद के साथ सिनाप्सिस की एक प्रति और यदि गाने हों तो अंग्रेजी या हिंदी में भावानुवाद के साथ एक प्रति।

केन्द्रीय समिति के देखने के लिए चुनी गई फिल्म के प्रवेशक को अपने खर्च पर फिल्म की प्रिंट और रूप-रेखा के अतिरिक्त अंग्रेजी या हिंदी में, निर्धारित संख्या में, विस्तृत कथोपकथन की स्क्रिप्ट की प्रतियां और उससे सम्बन्धित प्रचार सामग्री भी भेजनी होगी।

6. कोई फिल्म पुरस्कारों के लिए प्रविष्टि के योग्य है या नहीं और कोई फिल्म फीचर फिल्म है या डाक्यूमेंट्री फिल्म या शैक्षणिक फिल्म या बाल चित्र इस सम्बन्ध में भारत सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

प्रविष्टि के लिए बाल-चित्रों की अधिकतम लम्बाई 35 मि० मी० में 3,400 मीटर या 16 मि० मी० में 1,360 मीटर होनी चाहिये।

7. यदि कोई फिल्म किसी ऐसी फिल्म का डब किया हुआ रूप, रि-टेक या रूपान्तर है जो पहले ही राजकीय पुरस्कार पा चुकी हो, तो वह पुरस्कारार्थ विचार योग्य नहीं होगी। यदि किसी फिल्म के रूपान्तर एक से अधिक भाषाओं में बन चुके हों, तो उसका निर्माता उस फिल्म का केवल एक ही रूपान्तर प्रविष्ट कर सकेगा।

8. पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां सरकार द्वारा जिस अवधि में मांगी जाएंगी, वह अधिसूचित की जाएगी और अपवाद स्वरूप ही सरकार की मर्जी पर उस में छूट दी जा सकेगी।

9. फिल्मों और प्रचार सामग्री के लाने ले जाने पर जो परिवहन व्यय होगा, वह सारा प्रवेशक को देना होगा।

10. सभी फिल्में मालिक के जोखिम पर भेजी जाएंगी और यद्यपि सरकार उन सभी फिल्मों की समुचित देखभाल करेगी, फिर भी उसके पास रहते समय किसी फिल्म के गुम या खराब हो जाने की जिम्मेवारी सरकार पर नहीं होगी।

11. सरकार द्वारा नियुक्त तीन प्रादेशिक समितियां पुरस्कार के लिए जिन जिन भाषाओं की फीचर फिल्मों की आरम्भिक जांच करेंगी, वे इस प्रकार हैं :—

(1) प्रादेशिक समिति, बम्बई-हिन्दी (उर्दू और हिन्दुस्तानी सहित), मराठी, पंजाबी, गुजराती, सिंधी और अंग्रेजी।

(2) प्रादेशिक समिति, कलकत्ता-बंगला, असमिया और उड़िया।

(3) प्रादेशिक समिति, मद्रास-तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम।

12. प्रत्येक प्रादेशिक समिति का गठन इस प्रकार होगा :—

(क) सरकार द्वारा नामजद एक अध्यक्ष।

(ख) सरकार द्वारा नामजद संस्कृति, कला या साहित्य क्षेत्र में सुप्रतिष्ठित अधिक से अधिक चार व्यक्ति। (इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि ये चार व्यक्ति इस प्रकार से चुने जाएं कि क्षेत्र की सभी भाषाओं को प्रतिनिधित्व मिल सके)।

(ग) फिल्मों के तकनीकी स्तर, प्रस्तुति, निर्देशन और प्रतिपादन परखने की योग्यता वाले अधिक से अधिक तीन व्यक्ति जो उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की सूची में से सरकार द्वारा नामजद किए जायेंगे।

13. प्रादेशिक समितियां केन्द्रीय समिति के विचारार्थ योग्यता क्रम से (1) प्रत्येक भाषा की तीन तीन फीचर फिल्मों की एक सूची और (2) तीन कहानी-लेखकों की एक सूची प्रस्तुत करेंगी।

14. पुरस्कारार्थ प्रविष्ट डाक्यूमेंट्री फिल्मों की आरंभिक परख सरकार द्वारा नियुक्त डाक्यूमेंट्री समिति करेगी जिसमें अध्यक्ष को मिलाकर 5 से अधिक सदस्य नहीं होंगे। यह समिति केन्द्रीय समिति के विचारार्थ योग्यताक्रम से छः डाक्यूमेंट्री फिल्मों तक को चुनेगी।

15. पुरस्कारार्थ प्रविष्ट शैक्षणिक फिल्मों और फिल्म-स्ट्रिपों की आरंभिक परख सरकार द्वारा नियुक्त शैक्षणिक समिति करेगी जिसमें अध्यक्ष को मिलाकर 5 से अधिक सदस्य नहीं होंगे। यह समिति केन्द्रीय समिति के विचारार्थ योग्यताक्रम से छः शैक्षणिक फिल्मों और छः फिल्म-स्ट्रिपों तक को चुनेगी।

16. केन्द्रीय समिति का गठन इस प्रकार होगा :—

(क) सरकार द्वारा नामजद एक अध्यक्ष।

(ख) तीनों प्रादेशिक समितियों, शैक्षणिक समिति और डाक्यूमेंट्री समिति के अध्यक्ष। यदि केन्द्रीय समिति में बैठने के लिए कोई अध्यक्ष उपलब्ध नहीं होगा, तो सरकार सम्बन्धित समिति के किसी सदस्य को केन्द्रीय समिति का सदस्य नामजद कर सकेगी।

(ग) सरकार द्वारा नामजद संस्कृति, कला या साहित्य क्षेत्र में सुप्रतिष्ठित अधिक से अधिक 4 व्यक्ति।

(घ) फिल्मों के तकनीकी स्तर, प्रस्तुति, निर्देशन और प्रतिपादन की परख में योग्यता रखने वाले अधिक से अधिक तीन व्यक्ति जो उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की सूची में से सरकार द्वारा नामजद किए जाएंगे।

(ङ) सरकार द्वारा नामजद, केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड का एक सदस्य।

17. नियम 12 और 16 के बावजूद सरकार केन्द्रीय व प्रादेशिक समितियों में इतने सदस्यों को सह-योजित कर सकेगी, जितने उसके विचार में इस बात के लिए आवश्यक होंगे कि समिति को जिन जिन भाषाओं की फिल्मों की जांच करनी है, उसमें उन सब भाषाओं के जानने वाले सदस्यों की पर्याप्त संख्या हो जाए। नियम 14, 15 और 20 की कोई बात डाक्यूमेंट्री समिति, शैक्षणिक समिति या बाल-चित्रों की आरम्भिक जांच के लिए गठित विशेष समिति को सहायता देने के लिए अतिरिक्त सदस्य या सदस्यों के सह-योजन को नहीं रोकेगी। इस प्रकार से सह-योजित सदस्यों को साधारण सदस्यों के सभी अधिकार प्राप्त होंगे।

18. केन्द्रीय, डाक्यूमेंट्री, शैक्षणिक और प्रादेशिक समितियों और बाल-चित्रों की जांच के लिए बनी विशेष समिति (यदि कोई हो) की सदस्यता अवैतनिक होगी, लेकिन सदस्यों को सरकार द्वारा समय-समय पर मंजूर सफर और सवारी भत्ते दिए जाएंगे।

19. केन्द्रीय समिति, प्रादेशिक समितियों, शैक्षणिक समिति और डाक्यूमेंट्री समिति की सिफारिशों पर विचार करके योग्यता क्रम से निम्नलिखित सिफारिशें करेगी:—

(1) अखिल-भारतीय पुरस्कारों के लिए तीन सर्वोत्तम फीचर फिल्में।

(2) अखिल-भारतीय पुरस्कारों के लिए तीन सर्वोत्तम डाक्यूमेंट्री फिल्में।

(3) अखिल-भारतीय पुरस्कारों के लिए तीन सर्वोत्तम शैक्षणिक फिल्में।

(4) अखिल-भारतीय पुरस्कारों के लिए तीन सर्वोत्तम फिल्म-स्ट्रिपें।

(5) अखिल-भारतीय पुरस्कारों के लिए दो सर्वोत्तम कहानी-लेखक।

(6) प्रादेशिक पुरस्कारों के लिए अंग्रेजी को छोड़ कर अन्य प्रत्येक भाषा की तीन सर्वोत्तम फीचर फिल्में।

20. (1) उप-नियम (2) के अधीन केन्द्रीय समिति पुरस्कारों के लिए प्रविष्ट बाल-चित्रों की भी परख करेगी और योग्यता क्रम से तीन सर्वोत्तम फिल्मों की सिफारिश करेगी।

(2) यदि बाल-चित्रों की प्रविष्टियों की संख्या काफी अधिक हो, तो सरकार फिल्मों की आरम्भिक परख का काम डाक्यूमेंट्री समिति या इस उद्देश्य के लिए गठित विशेष समिति को सौंप सकती है जिसमें अध्यक्ष को मिला कर पांच से अधिक सदस्य न होंगे। ये समितियां योग्यताक्रम से अधिक से अधिक छः फिल्में केन्द्रीय समिति के विचारार्थ चुनेंगी।

21. प्रादेशिक समितियां, डाक्यूमेंट्री समिति, शैक्षणिक समिति और बाल-चित्रों के लिए बनी विशेष समिति (यदि कोई हो) और केन्द्रीय समिति फिल्मों की परख की अपनी कार्य-विधि स्वयं निश्चित करेंगी।

22. केन्द्रीय, डाक्यूमेंट्री, शैक्षणिक, बाल-चित्रों के लिए बनी विशेष समिति (यदि कोई हो) या प्रादेशिक समिति का कोरम सह-योजित सदस्यों को मिला कर सदस्यों की कुल संख्या का आधा होगा।

23. इन नियमों में निहित कोई बात प्रादेशिक समिति, डाक्यूमेंट्री समिति, शैक्षणिक समिति, बाल-चित्रों के लिए बनी विशेष समिति (यदि कोई हो) या केन्द्रीय समिति के लिए यह सिफारिश करने में बाधक नहीं होगी कि किसी विशेष भाषा या श्रेणी की फिल्मों में से एक भी फिल्म या किसी प्रादेशिक समिति या केन्द्रीय समिति द्वारा परखी फीचर फिल्मों की कहानियों में से एक भी कहानी पुरस्कार के लिए समुचित स्तर की नहीं है।

24. केन्द्रीय समिति की सिफारिशें सरकार को प्रस्तुत की जाएंगी।

25. एक फिल्म, फीचर, डाक्यूमेंट्री, शैक्षणिक या बाल-चित्र, इन चार श्रेणियों में से एक ही के लिए पुरस्कार के योग्य होगी । अखिल-भारतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली फीचर फिल्म प्रादेशिक पुरस्कार के योग्य नहीं होगी ।

26. प्रादेशिक समितियां, डाक्यूमेंट्री समिति, शैक्षणिक समिति, बाल-चित्रों के लिए बनी विशेष समिति (यदि कोई हो) और केन्द्रीय समिति ऐसे स्थान और समय पर फिल्मों की जांच करेगी जिसे वह सुविधाजनक समझे ।

27. सरकार को यह अधिकार होगा कि वह पुरस्कार के लिए प्रविष्ट इस फिल्म या फिल्म-स्ट्रिप की प्रिंट को जिसे पदक और/या नगद के रूप में कोई पुरस्कार मिला हो, बिना किसी मूल्य के अपने पास रख सके ।

28. पुरस्कार-वितरण समारोह ऐसी जगह और ऐसी तिथि पर होगा जो सरकार निर्धारित करे ।

29. यदि किसी प्रविष्टि के समर्थन में किसी भी प्रकार का कोई कोशिश पैरवी होगी तो वह प्रविष्टि पुरस्कार के अयोग्य ठहरा दी जायेगी । यदि केन्द्रीय समिति, डाक्यूमेंट्री समिति, शैक्षणिक समिति, बाल-चित्र के लिए विशेष समिति (यदि कोई हो) या प्रादेशिक समितियों का कोई सदस्य किसी विशेष फिल्म के लिए कोशिश पैरवी करता हुआ पाया गया, तो वह समितियों की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकेगा ।

अनुसूची

फार्म

फिल्मों के लिए राजकीय पुरस्कारार्थ प्रविष्टि के लिए

(दो प्रतियां भेजनी हैं)

(नियम 4 को देखें)

सेवा में,

प्रादेशिक अफसर,

केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड,

बम्बई/कलकत्ता/मद्रास ।

फिल्मों के लिए राजकीय पुरस्कारार्थ प्रविष्टि

1. (1) फिल्म/फिल्म-स्ट्रिप का शीर्षक ।

(2) क्या यह फीचर/डाक्यूमेंट्री/शैक्षणिक/बाल-चित्र है ।

(3) फिल्म की भाषा ।

(4) फिल्म/फिल्म-स्ट्रिप की लम्बाई और गेज ।

(5) रीलों की संख्या ।

(6) फिल्म/फिल्म-स्ट्रिप का रंग ।

(7) निर्माता का नाम और पूरा पता (यदि हो तो टेलीफोन नं० और तार के पते के साथ) ।

(8) निर्देशक का नाम और पूरा पता ।

(9) कहानी-लेखक का नाम और पूरा पता ।

(10) नायक व नायिका के नाम और पूरे पते ।

(11) केन्द्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के प्रदर्शन-प्रमाण-पत्र की संख्या और तिथि ।

(12) रिलीज की तिथि ।

2. कृपया लिखें कि क्या फिल्म किसी दूसरी फिल्म का डब किया हुआ रूप, रिटेक या रूपान्तर है । यदि हां, तो जिस फिल्म का यह डब किया हुआ रूप, रिटेक या रूपान्तर है, उसका ब्यौरा दें ।

3. यदि प्रविष्टि करने वाला व्यक्ति निर्माता नहीं है, तो लिखें कि क्या वह प्रविष्टि करने के लिए विधिवत् अधिकृत है ?

*"मैं" प्रमाणित करता हूं कि यह फिल्म किसी ऐसी फिल्म का डब किया हुआ रूप, रिटेक या रूपान्तर नहीं है जो पहले राजकीय पुरस्कार पा चुकी है ।

*"मैं" प्रमाणित करता हूं कि यह फिल्म-स्ट्रिप सन् में बनायी गयी थी ।

"मैं" यह भी प्रमाणित करता हूं कि उपरोक्त कथन मेरी पूरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सच है" ।

"मैं" यह स्वीकार करता हूं कि यदि इस फिल्म/फिल्म-स्ट्रिप को पदक और/या नगद के रूप में कोई पुरस्कार मिले, तो सरकार बिना किसी मूल्य के इसकी प्रिंट रख सकेगी" ।

दिनांक : हस्ताक्षर

स्थान : पता

---

*जो लागू न हो उसको काट दें ।

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सर्व-साधारण के सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

ध० कृष्णा अय्यर, उप-सचिव ।